मीडिया विज्ञप्ति

ईडीआईआई ने 'एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का संचार' विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

अहमदाबाद, 9 जनवरी, 2023: भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है।

भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (आईसी अनुभाग) द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन मंगलवार को दक्षिण कोरिया के माननीय राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया। रसना के चेयरमैन और सीआईआई टास्क फोर्स, अहमदाबाद के चेयरमैन श्री पिरुज खंबाटा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे।

सम्मेलन ने प्रमुख हितधारकों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एकसाथ लाते हुए एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में 'ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनिटर: इंडिया रिपोर्ट 2022-23' भी जारी की गई, जो देश के उद्यमशीलता परिदृश्य के बारे में गहन जानकारी देती है।

अपने बधाई भाषण में, **एंबेसडर चांग ने कोरिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में** MSMEs **की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने प्रतिभागियों को उद्यमिता की शक्ति का लाभ उठाकर दोनों देशों के बीच सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित किया।**

खंबाटा ने अपने संबोधन में कहा, 'आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने का लक्ष्य रखने वाले एमएसएमई उद्यमियों के लिए उद्यमशीलता दक्षता एक महत्वपूर्ण कारक है। उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की अच्छी भावना बिजनेस के इकोसिस्टम को मजबूत करती है, जिससे विकास के लिए एक लचीला और टिकाऊ मॉडल तैयार होता है। यह सम्मेलन 'ज्ञान का बुनियादी ढांचा' तैयार करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। मुझे यकीन है कि इस तरह के प्रयास अनुभव साझा करने और आपस में सीखने के लिए एक मंच देकर दुनिया भर में एमएसएमई के विकास को और बढ़ावा देंगे।'

डॉ. सुनील शुक्ला ने अपने स्वागत भाषण में कहा, 'एमएसएमई विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्थाओं के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने लगे हैं। भारत में एमएसएमई से संबंधित विभिन्न लाभकारी योजनाएं और नीतियां हैं, और इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए लगातार तरीकों और साधनों की खोज की जा रही है। यह सम्मेलन इस क्षेत्र में पहल को मजबूत करने में मदद करेगा। मैं इस विचारशील पहल का समर्थन करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय के प्रति अपना आभार व्यक्त करता हूं।'

सम्मेलन में 75 संस्थानों के 200 से अधिक राष्ट्रीय और 74 अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान, एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार और प्रतिस्पर्धात्मकता, एमएसएमई में डिजिटल परिवर्तन: अवसर और चुनौतियां, नीतियां और नियम: एमएसएमई के लिए रूपरेखा और कौशल विकास और प्रौद्योगिकी, एमएसएमई को अपनाना: उद्योग 4.0 का लाभ उठाना जैसे प्रमुख विषयों पर गहन जानकारी प्रदान करने के लिए तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे।

सत्र को प्रमुख वक्ताओं द्वारा संबोधित किया जाएगा, जैसे डॉ. निमनुअल पिवथोंगंगम, चेयरपर्सन, एसएमई कमेटी, जॉइंट फॉरेन चैंबर्स ऑफ कॉमर्स इन थाइलैंड, बैंकॉक; अमाया अशानी पालीहवदाना, विजिटिंग लेक्चरर, खेल और ग्रामीण विकास मंत्रालय, श्रीलंका; चार्ल्स अमोआको अट्टा, राज्य हित और शासन प्राधिकरण, घाना; वासा फार्मकिम के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. जैमिन वासा; अरुणया ऑर्गेनिक्स के चेयरमैन और सीआईआई गुजरात के पूर्व अध्यक्ष विनोद अग्रवाल; डॉ भारती मोटवानी, एसोसिएट प्रोफेसर, मैरीलैंड विश्वविद्यालय, यूएसए और डॉ सत्य रंजन आचार्य, प्रोफेसर और निदेशक, उद्यमिता शिक्षा विभाग, ईडीआईआई।

About Entrepreneurship Development Institute of India (EDII)

The Entrepreneurship Development Institute of India (EDII), Ahmedabad was set up in 1983 as an autonomous and not-for-profit Institute with support of apex financial institutions - the IDBI Bank Ltd., IFCI Ltd., ICICI Bank Ltd. and State Bank of India (SBI). The Government of Gujarat pledged twenty-three acres of land on which stands the majestic and sprawling EDII Campus. EDII has been recognized as the CENTRE OF EXCELLENCE by the Ministry of Skill Development and Entrepreneurship, Govt. of India. The Institute has also been listed as the Institute of National Importance by the Education Department, Govt. of Gujarat. EDII operates across the country through its seven regional offices and PAN India project offices. It has international affiliates in Cambodia, Laos, Myanmar Vietnam, Uzbekistan and Rwanda. For more information visit: www.ediindia.org

For more information, contact:

Nirupam Banerjee, Adfactors PR: 9825984727

Hiral Oza, Adfactors PR: 7043901987